आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 354 | जयपुर, शनिवार 04 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4




वन महोत्सव सप्ताह... पेज 2



जिला कलेक्टर ने किया... पेज 3

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी, आरएसएस बोला-दोषियों को कड़ी सजा मिले

## करोड़ों भक्तों का भरोसा बचाना जरूरी, पुलिस ने आरोपी अविनाश की कार जब्त की




**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शुक्रवार को पहली बार बयान दिया। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने वीडियो जारी कर कहा- रामलला मंदिर में रखे दानपात्रों में जमा राशि की चोरी दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे रामभक्तों की भावनाओं और श्रद्धा को आघात पहुंचा है। उनका भरोसा बचाना जरूरी है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड मिलना चाहिए। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि करोड़ों रामभक्तों के समर्पण, त्याग और बलिदान से भव्य राम मंदिर बना है। ट्रस्ट मंदिर के प्रबंधन और संचालन व्यवस्था में मौजूद सभी कमियों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। करोड़ों रामभक्तों की आस्था और विश्वास को बनाए रखने के लिए वित्तीय प्रबंधन, संचालन प्रणाली और व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी, त्रुटिरहित और धर्मसम्मत होनी चाहिए। इधर, अयोध्या में भाजपा नेता विनय कटियार ने कहा- यह साफ है कि पैसों का गबन हुआ है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और आमंत्रित ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव किसी कारण से बच गए, जेल नहीं गए। हो सकता है कि आगे जेल जाएं। उन्होंने न्यूज एजेंसी से कहा- मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रात 2 बजे बात हुई। पीएम ने पूछा कि अरे भाई, क्या-क्या होगा अब मैंने उनसे कहा कि कुछ नहीं, सब ठीक हो जाएगा। हालांकि, विनय कटियार बाद में एक न्यूज चैनल से बात करते हुए चंपत राय के जेल जाने वाले बयान से पलट गए। कटियार ने कहा- मैंने यह नहीं कहा कि चंपत जेल जा सकते हैं। इधर, स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम दूसरे दिन शुक्रवार को भी जांच के लिए मंदिर पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, टीम गोपाल राव से पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस शुक्रवार सुबह 9 बजे अयोध्या जेल पहुंची। आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की कस्टडी में लेकर पुलिस लाइन आई। 2 घंटे कड़ी पूछताछ की। फिर उसे लेकर प्रतापगढ़ रवाना हो गई। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि अविनाश ने चढ़ावे में आए सोने-चांदी के जेवर और रकम ठिकाने लगाई है। पुलिस अविनाश को अयोध्या के योगा सेंटर भी ले गई और यहां जांच की। वहीं, पुलिस ने अविनाश शुक्ला की निशानदेही पर अयोध्या से ब्रेजा कार बरामद की है। बताया जा रहा है कि वह इस कार का उपयोग पैसे लाने-ले जाने में भी करता था। उसने करीब 1 साल पहले यह कार खरीदी थी। प्रतापगढ़ का रहने वाला अविनाश चढ़ावे की गिनती का काम करता था। वह अयोध्या में किराए पर रहता था। उसके कमरे से 20 लाख रुपए, 1,000 डॉलर, गहने और 'रामराज्य कोष' लिखा बक्सा मिला था।

### आरोपियों के घर बुलडोजर एक्शन की तैयारी

इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण ने चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के नए मकान पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। ADA ने लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा को नोटिस भी जारी किया है। हालांकि, लवकुश की पत्नी का कहना है कि हमें कोई नोटिस नहीं मिला है। हमारे मकान का नक्शा पास है। हम चाहते हैं कि मेरे पति घर आ जाएं। भगवान से यही विनती है कि उन्हें कुछ न हो।

### दिग्विजय करेंगे उज्जैन से अयोध्या तक 1000 किमी. पदयात्रा

यूपी के अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के चढ़ावा चोरी को लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा ऐलान किया। भोपाल में शुक्रवार को उन्होंने कहा- 2 अक्टूबर से उज्जैन के महाकाल मंदिर से अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि तक करीब 1000 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू करेंगे। यात्रा में कांग्रेस का प्रचार नहीं होगा। यात्रा के दौरान फेसबुक, एक्स (ट्विटर) समेत किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल नहीं करेंगे। मैंने राम मंदिर निर्माण के लिए 1.11 लाख रुपए का चंदा दिया था। मेरे पास आज भी चंदे की रसीद और चेक की प्रति सुरक्षित है।

### मंत्री निषाद बोले- अब अपराधियों को सजा मिल रही है

यूपी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने राम मंदिर मामले को लेकर कपिल सिब्बल के बयान का विरोध किया। कहा- वे बड़े वकील हैं, संवैधानिक पद पर हैं, उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए। पहले भी भ्रष्टाचार होता था, लेकिन सब छिप जाते थे क्योंकि उन्हें संरक्षण प्राप्त था। हमारे समय में ये छप भी रहे हैं और सजा भी मिल रही है। जांच पर विश्वास करना चाहिए और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में मदद करनी चाहिए। उन्हें कहना चाहिए कि मंदिर में ऐसा हुआ है, तो अन्य धार्मिक जगहों पर भी हो सकता है। सरकार को इन सभी धार्मिक ट्रस्टों की देख-रेख करनी चाहिए।

### टिकैत बोले- चढ़ावा चोरों पर सख्त कार्रवाई हो

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि यह केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की मांग की। मुजफ्फरनगर में मीडिया से बातचीत के दौरान राकेश टिकैत ने कहा- लोगों ने श्रद्धा से दान दिया है। ऐसे में जो भी लोग इस चोरी में शामिल हैं, पुलिस उनकी पूरी जांच करे और उनकी पहचान कर सख्त कार्रवाई करे।

## चलते ई-रिक्शा को बंद करने वाले चाइनीज एप बैन

### बदमाश ब्लूटूथ के जरिए बैटरी ऑफ कर देते थे; इलेक्ट्रिक कार-स्कूटर को खतरा नहीं




**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत कई शहरों में ई-रिक्शा चालकों के लिए परेशानी बने 3 एप को सरकार ने एप स्टोर से हटाने के आदेश दिए हैं। ये एप BAT-BMS, लॉसिजी और इपोच ली-आयन हैं। आईटी मंत्रालय ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। हालांकि, ये एप प्ले स्टोर पर अब भी मौजूद हैं। हाल ही में शिकायतें मिली थीं कि कुछ लोग इन एप से ब्लूटूथ के जरिए ई-रिक्शा की बैटरी को बंद कर चलते ई-रिक्शा को रोक देते थे। इससे चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। इन घटनाओं के वीडियो भी वायरल हुए। दरअसल, कुछ ई-रिक्शा की लीथियम बैटरियों का ब्लूटूथ मैनेजमेंट सिस्टम बिना पासवर्ड या कमजोर सुरक्षा के था, इसलिए एप उससे कनेक्ट हो गया। हालांकि, कारों के बैटरी सिस्टम में मजबूत सुरक्षा और एन्क्रिप्शन होता है, इसलिए कोई सामान्य एप उनसे कनेक्ट नहीं हो सकता।

## दावा-तीसरे शख्स को केतन के मर्डर की प्लानिंग पता थी

### सिया-चेतन ने उसे बताया था, आरोपियों ने क्राइम पेट्रोल देख हत्या का तरीका सीखा

**पुणे।** पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में नया खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने बीड से एक युवक को हिरासत में लिया है। यह युवक बालेवाड़ी की एक कंपनी में काम करता है। दावा है कि तीसरा शख्स सिया या केतन में किसी एक का दोस्त है। दोनों ने उससे केतन के मर्डर की प्लानिंग शेयर की थी। हालांकि युवक का नाम अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस युवक को गवाह भी बना सकती है।

वहीं, पुलिस सूत्रों के हवाले से जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी चेतन चौधरी और सिया ने वारदात से पहले टीवी सीरियल 'क्राइम पेट्रोल' के कई एपिसोड देखकर समझने की कोशिश की थी कि हत्या के बाद जांच एजेंसियों को कैसे चकमा दिया जा सकता है। 18 जून को लोहगढ़ किले से गिरकर 25 साल के केतन अग्रवाल की मौत हो गई थी। पुलिस का मानना है कि केतन, सिया और चेतन के रिश्ते में बाधा बन रहा था, इसलिए उसकी हत्या की साजिश रची गई। उधर, पुणे के स्थानीय कोर्ट ने शुक्रवार को आरोपी सिया गोयल और चेतन चौधरी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पंजाब कांग्रेस में टूट संभवः चन्नी की मीटिंग में 50 नेता पहुंचे

### बोले- हाईकमान प्रधान वडिंग को हटाए; एक सांसद दिल्ली में शाह से मिले

**लुधियाना/चमकौर साहिब।** बंगाल की तृणमूल कांग्रेस के बाद अब पंजाब कांग्रेस में भी टूट के आसार हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष न बनाए जाने से नाराज पूर्व सीएम और जालंधर सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने अपने घर पर 4 विधायकों समेत 50 पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग की। एमएलए तृप्त राजिंदर बाजवा ने कहा कि सभी नेताओं ने चन्नी से कहा कि अमरिंदर राजा वडिंग को प्रधान बनाए जाने पर वे हाईकमान से बात करें। सभी नेता इस फैसले से नाराज हैं और हाईकमान इस फैसले पर रिकंसीडर करे। मीटिंग के बाद चन्नी का पहला बयान आया। जिसमें चन्नी ने कहा- आज कांग्रेस पार्टी की लीडरशिप ने मेरे घर में आकर पंजाब के लोगों की भावनाओं को हाईकमान के आगे रखने की अपील की। इस बीच भाजपा के पंजाब प्रधान केवल ढिल्लों ने कहा कि चन्नी अगर BJP में आते हैं तो उनका स्वागत है। कांग्रेस में मचे इस घमासान के बीच पार्टी के पंजाब प्रभारी व छत्तीसगड के पूर्व सीएम भूपेश बघेल कल, शनिवार को चंडीगड आ सकते हैं।

### चन्नी नाराज क्यों?

वडिंग के प्रधान रहने के दौरान कांग्रेस तरनतारन उपचुनाव और निकाय चुनाव हारी। इसके बाद वडिंग को हटाने की मांग उठी। कांग्रेस की मीटिंग में चरणजीत चन्नी का नाम कांग्रेस प्रमुख के लिए फाइनल हो गया। इसे अचानक बदलते हुए वडिंग को पद पर बरकरार रखा गया। चन्नी को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बना दिया गया। चन्नी इससे नाराज हो गए और हाईकमान का धन्यवाद तक नहीं किया। चन्नी के एक करीबी ने बताया- चन्नी ने आर-पार की लडाई का फैसला कर लिया है।



मीटिंग के बाद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सीनियर लीडर्स की कमेटी बना दी है। लोगों की भावना हाईकमान के फैसलों में रिफलेक्ट नहीं हुई। अगर चन्नी को प्रदेश प्रमुख नहीं बनाया तो पंजाब में कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकती। लोग चन्नी को मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं।

### चन्नी की मीटिंग ये बड़े नेता पहुंचे

एमएलए तृप्त राजिंदर बाजवा, बरनाला विधायक काला ढिल्लों, कपूरथला विधायक राणा गुरजीत, राजासांसी विधायक सुखबिंदर सिंह सुख सरकारिया, पूर्व डिप्टी सीएम ओपी सोनी, पूर्व मंत्री भारत भूषण आशू, गुरकीरत कोटली, पूर्व एमएलए गुरप्रीत कांगड। इनके अलावा नाजर सिंह मानशाहिया, पूर्व विधायक परमिंदर सिंह पिंकी, दविंदर सिंह घुबाया, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बरिंदर ढिल्लो, कमलजीत कडवल और पूर्व सांसद मोहम्मद सदीक, पूर्व विधायक जोगगिंदर पाल, दिनेश बस्सी, दलबीर गोल्डी, पूर्व विधायक पिरमल सिंह और सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह।

### पूर्व विधायक बोले- सभी को हाईकमान का फैसला मानना चाहिए

पूर्व विधायक कुलदीप सिंह वैद ने कहा कि हाईकमान ने जो फैसला दिया है, सभी नेताओं को उसे मानना चाहिए। पहले पंजाब में सरकार बनानी चाहिए। उसके बाद आगे की बात करनी चाहिए। नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां ने कहा- अजय माकन की कमेटी की रिपोर्ट में चन्नी का नाम सबसे ऊपर था, लेकिन मैं पार्टी के साथ हूं।

### कांग्रेस सांसद शाह से मिले, कहा- पहले से तय थी यह मुलाकात

गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे भाजपा के राज्यसभा सांसद तरूण चुघ के साथ नजर आए। इस मुलाकात को उन्होंने पहले से तय बताया। कहा कि पंजाब की बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर अपना पक्ष रखा था।

### वडिंग हटाओ, कैप्टन की तरह प्रदेश प्रमुख बनाओ

पॉलिटिकल एक्सपर्ट पवनदीप शर्मा का कहना है कि पंजाब कांग्रेस में एक प्रचलन रहा है कि जो पार्टी प्रमुख होता है, वही सीएम बनता है। कैप्टन अमरिंदर सिंह दोनों बार चुनाव से पहले अध्यक्ष बनाए गए और जब पार्टी ने चुनाव जीता तो उन्हें ही सीएम बनाया गया। 2017 में जब कांग्रेस की सरकार आई तो इसी तरह कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी हाईकमान पर दबाव बनाया। जतब प्रताप बाजवा को प्रदेश प्रमुख पद से हटाया गया था। प्रदेश प्रमुख बनने का मतलब टिकट बंटवारे में उनकी चले और विधायक जीतकर आएं तो ज्यादातर उनके समर्थक हों और मुख्यमंत्री की कुर्सी का रास्ता साफ रहे। चन्नी भी कैप्टन के रास्ते पर हैं। वह चाहते हैं कि हाईकमान उन्हें प्रदेश प्रमुख बनाए ताकि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वडिंग क्रेडिट न ले सकें।इसके बाद चन्नी सीएम कुर्सी पर भी दावा ठोक सकते हैं।

## उज्जैन में क्षिप्रा में बाढ़, मंदिर डूबेः गुजरात में बच्चे पानी में बहे, घरों में पानी घुसा

## बारिश के बाद हिमाचल में लैंडस्लाइड, गाड़ियां दबीं

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में गुरुवार रात भारी बारिश हुई। किन्नौर के चोलिंग में बारिश के बाद मलबा नेशनल हाईवे पर आ गया। दो गाडियां दब गई। राज्य में 60 सड़कें बंद हैं। इधर, यूपी में शुक्रवार सुबह 3 बजे लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, जालौन समेत 5 शहरों में बारिश हुई। उन्नाव में पानी घरों में घुस गया। गुजरात के वलसाड में सड़कें पानी में डूब गईं, गाड़ियां चलते-चलते बंद हो गईं। जामनगर में दो बच्चे पानी में बह गए, स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया। सोमनाथ के सूत्रपाड़ा में घरों में पानी घुसा। मध्य प्रदेश में मानसून 9 दिन में ही पूरे प्रदेश में छा गया। धार, बड़वानी, खरगोन और देवास में अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक बारिश का अनुमान है। उज्जैन में क्षिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से राम घाट के पास मंदिर डूब गए। राजस्थान के जयपुर में 2 दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी कोटा, बारां और झालावाड़ के लिए तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग, चमोली समेत कई जिलों में लैंडस्लाइड से सड़कें बंद हो गई हैं। बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे पर लगातार पत्थर गिरे थे। सुरक्षा के चलते केदारनाथ यात्रा रोक दी गई थी।



### मानसून 3 दिन देरी से आया, 3 दिन पहले पूरे देश कवर करेगा

मानसून ने 1 जून की जगह 3 दिन लेट 4 जून को भारत में एंट्री ली थी। इस दौरान कई राज्यों में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। बीच-बीच में ब्रेक मानसून जैसी स्थिति बनने से यह आशंका जताई जाने लगी थी कि इस बार मानसून पूरे देश को सामान्य समय से देर से कवर करेगा। हालांकि, जुलाई की शुरुआत में बंगाल की खाड़ी में बने मौसम तंत्र और अनुकूल परिस्थितियों के कारण मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली। मौसम विभाग के अनुसार, 5 जुलाई तक मानसून के पूरे देश को कवर करने की संभावना है, जबकि इसका सामान्य समय 8 जुलाई माना जाता है।

## 17 दिन के नवजात शिशु के साथ जेल में बंद शकुंतला वसावा को मिली जमानत



**अहमदाबाद।** आप विधायक चैतर वसावा के साथ सात वर्ष के लिए जेल भेजी गई शकुंतला वसावा को जमानत पर छोड़ दिया है। शकुंतला के साथ 17 दिन का नवजात भी जेल में था इसलिए सरकारी वकील ने उसकी जमानत का विरोध नहीं किया। वनकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में राजपीपला जिला एवं सत्र न्यायालय ने 7 वर्ष की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वी के व्यास की खंडपीठ के समक्ष शकुंतला, उनके पति तथा दो अन्य महिलाओं की जमानत की याचिका लगाई गई थी। सरकारी वकील ने 17 दिन के नवजात के चलते शकुंतला की जमानत का मानवीय आधार पर विरोध नहीं किया लेकिन अन्य तीन की जमानत का विरोध करते हुए दो सप्ताह का समय मांगा। न्यायाधीश व्यास ने शकुंतला को जमानत देने के साथ अन्य तीन की जमानत पर सुनवाई 7 जुलाई को रखी, न्यायाधीश ने बताया कि मौलिक अधिकारों का मामले में तैयारी के लिए अधिक समय नहीं दिया जा सकता है। ध्यान रहे कि राजपीपला कोर्ट ने गत 23 जून को आप विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी समेत तीन महिलाओं व 4 पुरुषों को वनकर्मियों पर हमला व पिफरौती के मामले में दोषी मानते हुए सात - सात वर्ष की सजा सुनाई थी। इनमें एक कैदी शकुंतला 30 ने 17 दिन पहले ही एक बच्ची को जनम दिया था। शकुंतला के साथ नवजात को भी पहले राजपीपला तथा बाद में वडोदरा मध्यस्थ जेल स्थानांतरित कर दिया गया था।

# उदयपुरवाटी में अंबेडकर की मूर्ति लगवाने के लिए एसडीओ को दिया ज्ञापन

## विधायक ने अंबेडकर जयंती पर की थी घोषणा

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर अंबेडकर की मूर्ति लगवाने में सहयोग करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार समिति के लोगों ने उपखंड अधिकारी सुमन सोनल को ज्ञापन देकर बताया कि 3 महीने पहले अंबेडकर जयंती पर उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगवाने की घोषणा की थी। इसके लिए उन्होंने 5 लाख रुपए तक का बजट भी देने का आश्वासन दिया था। समिति के लोगों ने शहर के घाट नाला स्थित खटीको के कुएं पर सर्वसम्मति से जगह चिन्हित कर ली है। समिति के लोगों ने मूर्ति लगवाने के लिए स्वीकृति प्रदान करने और सहयोग करने का आग्रह किया है। ज्ञापन देने वालों में विजेंद्र नायक, नेहरू जैदीया, सुरेश कुमार, रामावतार कनवा, बिरजू आसवाल राधेश्याम रचयिता, अशोक कुमार, हंसराज आदि शामिल थे।



## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित

### पूर्व सरपंच स्व. रत्तिराम रावत की पुण्यतिथि पर विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोनेडा के पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. रत्तिराम रावत की 12 वीं पुण्यतिथि पर गुरूवार को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम व गौ सेवा का आयोजन किया गया। कस्बे के जीवन दाता ब्लड बैंक में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान षिविर में कुल 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर कालूहेडा गौशाला में गौ सेवा एवं ग्राम गोनेडा में पौधारोपण भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान होता है। एक बूंद रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने स्व. रत्तिराम रावत को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि वे ना केवल एक जनप्रतिनिधि, बल्कि एक सच्चे समाजसेवी और प्रेरणा स्त्रोत थे। विक्रम रावत व विजेन्द्र रावत ने अतिथियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच देवेंद्र रावत, इंद्राज कसाना, सत्यवीर नेताजी, झमन पंच, दीपक खटाना, राजेश, नेतराम गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

# शाहपुरा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद शाहपुरा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में नालसा जाग्रति योजना 2025 का शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजय कुमार शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर जुनियर लीगल लिटरेसी क्लब की अध्यक्ष नीतू शर्मा भी उपस्थित रही। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य गरीबी रेखा में आनेवाले उन सभी आखिरी लोगों को न्याय मिलना चाहिए। अर्थात कानूनी सेवा सभी सरकारी विभागों, निकायों, नगरपरिषद निगम, पंचायतों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एवं सरकारी एवं सरकारी एकीकृत सभी शिक्षण संस्थानों में जमीनी स्तर पर न्याय को क्रियान्वित होते हुए हकीकत में जागरूकता पैदा



हुई है। गरीबों को उनका कानूनी अधिकार प्राप्त हो। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को एक ही स्थान पर एक निश्चित दिन एवं अलग-अलग स्थानों पर न्याय मिले इसके लिए अधिकारियों के द्वारा शिविर आयोजित किया जायेगा, मौके पर तत्काल संम्बधित प्रकरणों का निस्तारण किया जावे।जिससे सभी लोगों को तत्वरित उनकी समस्त समस्याओं का समाधान हो सके।ऑफिस में विभागीय अधिकारियों के आगे पीछे अकारण चक्कर लगाने की आदत से छुटकारा मिल सके। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नालसा जाग्रति योजना में सृजन सुरक्षा योजना के बारे में बताया कि बालिका के जन्मोत्सव पर खुशियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा गया है। बालिका के जन्म पर उनके परिवार द्वारा 11 फलदार पेड़ लगाया जाना अनिवार्य है। प्रसाशन द्धारा बालिका ग्रीनकार्ड दिया जायेगा, बालिका के विकास को सरकारी योजनाओं में मिलने वाले समस्त लाभों को बालिका ग्रीनकार्ड में संम्पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा और परिवार के द्वारा लगाए गए पौधारोपण की समस्त जिम्मेदारी बालिका के पिता की होगी। इस योजना को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया है। इस अवसर पर प्रिंसिपल संजय कुमार शर्मा ने उपस्थित बालिकाओं को पर्यावरण संरक्षण के पौधारोपण करने के लिए शपथग्रहण कराई। इस अवसर पर व्याख्याता, संतरा रोलानिया, बिदाम चौधरी, सावित्री बाई मीणा, अनिता कलवाणिया, सरिता जाट, पारो गुर्जर सहित 255 लाभार्थी बालिकाओं ने शिविर में भाग लिया।

# वन महोत्सव सप्ताह : द नाहर संस्था ने बच्चों को दिलाया पौधों के संरक्षण का संकल्प



● अतुल्य संसार नेटवर्क



**बूंदी।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत द नाहर संस्था, बूंदी द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन रोड स्थित इमानुएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बूंदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बूंदी ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा ही नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के आधार भी हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। संस्था सचिव संजय खान ने बताया कि संस्था अपने उद्देश्यों के अनुरूप पौधे लगाओ - बूंदी सजाओ अभियान के तहत निरंतर पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के कार्य कर रही है।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को इस वर्षा ऋतु में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक उसकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बूंदी ने विद्यालय की आधुनिक रोबोटिक क्लासरूम तथा नवनिर्मित इनडोर गेम्स रूम का अवलोकन कर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुविधाओं की सराहना की।

कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक एलेक्स सेम, प्राचार्य एलन एलेक्स, पौधे लगाओ - बूंदी सजाओ अभियान संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, द नाहर संस्था के वरिष्ठ सदस्य सिल्विन क्कार्डस, चौथमल साहू, राजवीर सिंह हाड़ा, जोगेंद्र सिंह हाड़ा, मनोज जैन, आरिफ मोशन, सागर जैन सहित विद्यालय स्टाफ छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आपसी सहमति से सुलझा वर्षों पुराना विवाद, किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान




**बूंदी।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी कडी में ग्राम भजनेरी में आयोजित शिविर में वर्षों से लंबित जमीन के बंटवारे का मामला महज कुछ ही घंटों में सुलझा लिया गया। आपसी सहमति से हुए इस समाधान के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। शिविर में भजनेरी निवासी मोती पिता रूपा और रामलाल पिता मोती माली अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनकी सामलाती (साझा) भूमि, जिसका खसरा संख्या 3015/2971 और कुल रकबा 0.1709 हेक्टेयर है, ग्राम भजनेरी में स्थित है।

उन्होंने बताया कि मौके पर तो उन्होंने आपसी सहमति से खेत का बंटवारा कर रखा है, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में यह जमीन अभी भी संयुक्त खाते में दर्ज होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए भजनेरी के हल्का पटवारी मायाराम मीणा, मनीष यादव और आईएलआर देई बाबूलाल मीणा ने तत्काल प्रभाव से मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही शुरू की। अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कीं और किसानों की सहमति के आधार पर बंटवारा प्रस्ताव तैयार किया। शिविर प्रभारी एवं नायब तहसीलदार (देई) लीलाधर चौहान ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए सहमति विभाजन को मौके पर ही स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही राजस्व रिकॉर्ड में सुधार की प्रक्रिया पूरी कर खातेदारों को राहत प्रदान की गई। अपनी भूमि का उचित बंटवारा होने के बाद खातेदार मोती और रामलाल बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि जो काम पहले फाइलों में उलझा हुआ था, वह शिविर में चुटकियों में हो गया।

# निर्मल मन फाउण्डेशन द्वारा केसरिया शरबत का हुआ वितरण





**जयपुर।** निर्मल मन फाउण्डेशन द्वारा आज केसरिया शरबत का किया गया। यह कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित एपेक्स सर्किल पर आयोजित हुआ कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राहुल सैनी जी द्वारा बाबा श्याम को शरबत भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी एवं उमस के बीच लोगों ने केसरिया शरबत का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राहुल सैनी, सचिव कविता झा, महामंत्री अभिरल राजपूत, दिव्य जनजागृति समाचार पत्र के संपादक योगेन्द्र कुमार, ललित, अमन चौधरी, मंयक झा एवं रोशन झा आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम पर मंडल रेल चिकित्सालय कोटा में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

### 63 नर्सिंग विद्यार्थियों सहित चिकित्सा कर्मियों ने लिया भाग, POSH अधिनियम एवं शिकायत प्रक्रिया की दी जानकारी




**कोटा।** मंडल रेल चिकित्सालय, कोटा के सभाकक्ष में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन रॉय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 63 नर्सिंग विद्यार्थियों सहित चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर विषय की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला की मुख्य वक्ता वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की अध्यक्षा डॉ. मनीषा शर्मा ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को गंभीर सामाजिक एवं कानूनी विषय बताते हुए कहा कि किसी भी महिला या पुरुष के साथ किया गया अवांछित, अपमानजनक अथवा असहज लैंगिक व्यवहार यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि POSH अधिनियम-2013 के तहत प्रत्येक संस्थान में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए स्पष्ट नीतियां बनाना तथा आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यौन उत्पीड़न केवल शारीरिक संपर्क तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मौखिक एवं गैर-मौखिक व्यवहार भी शामिल हैं। बिना अनुमति के छूना, अनुचित तरीके से पकड़ना या रास्ता रोकना, अशोभनीय टिप्पणियां करना, भद्दे चुटकुले सुनाना, निजी जीवन से जुड़े अवांछित प्रश्न पूछना, अश्लील संदेश, ई-मेल अथवा चित्र भेजना तथा नौकरी, पदोन्नति या वेतन वृद्धि के बदले यौन संबंध बनाने का दबाव डालना भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी को किसी का व्यवहार अपमानजनक, डराने वाला या शत्रुतापूर्ण महसूस होता है, तो उसे यौन उत्पीड़न माना जा सकता है। कार्यस्थल पर किसी भी व्यक्ति की ना का सम्मान किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यालय में आईसीसी का गठन अनिवार्य है तथा समिति में कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को किसी भी आपत्तिजनक व्यवहार का स्पष्ट विरोध करने, अनुचित संदेशों, ई-मेल अथवा अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर आईसीसी अथवा मानव संसाधन विभाग को लिखित शिकायत देने की सलाह दी। गंभीर मामलों में स्थानीय पुलिस से संपर्क करने की भी उन्होंने सलाह दी और कहा कि सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाना प्रत्येक संस्थान की जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन रॉय ने कहा कि वर्तमान सोशल मीडिया के दौर में बच्चियों एवं महिलाओं को अपनी व्यक्तिगत जानकारी और तस्वीरें साझा करते समय विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए तथा डिजिटल माध्यमों पर भी सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुषमा भटनागर ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और समानता की भावना विकसित करने के लिए लड़कों को भी बचपन से ही उचित संस्कार एवं संवेदनशील व्यवहार की शिक्षा देना आवश्यक है। तभी सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

## गुजरातः संयुक्त पुलिस आयुक्त पर चाकू से हमला, चंडोला तालाब इलाके में जांच को पहुंची थी अपराध शाखा की टीम



**अहमदाबाद।** चंडोला तालाब इलाके से कुछ माह पहले बडी संख्या में अवैध रूप से बसे बांग्लादेशियों को हटाने के बाद अपराध शाखा की टीम एक ड्रग तस्कर को पकडने पहुंची थी। कलीम पठान को गिरफ्त में लेकर पूछताछ के दौरान उसने अपने पास छुपाकर रखी हुई छुरी से संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल पर हमला कर दिया। स्वबचाव में पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मारी। अपराध शाखा अहमदाबाद के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल, पुलिस निरीक्षक आई एन धासूरा अपनी टीम के साथ चंडोला तालाब पहुंचे थे। हथियारों व मादक पदार्थ की तस्करी में लिपत कलीम पठान को अपनी गिरफ्त में लेकर पुछताछ की जा रही थी। इसी दौरान कलीम ने अपने पास छिपाकर रखी गई छुरी से सिंघल पर हमला कर दिया। इस हमले में सिंघल जख्मी हो गये। पुलिस ने स्वबचाव में हमलावर के पैर में गोली मार दी। इसके बाद दोनों को उपचार के लिए हॉस्पीटल ले जाया गया।

## एक ही दिन में 6 लोग गड्ढों में गिरेः गुजरात के जूनागढ़ की घटनाएं



**जूनागढ़ ( गुजरात )।** गुजरात में मानसून ने एंट्री कर ली है और जोरदार बारिश से अब हादसे भी सामने आने लगे हैं। वहीं, जूनागढ़ शहर में बुधवार को एक ही दिन में एक बच्ची समेत 6 लोग सड़कों पर बने गड्ढों में गिरने से घायल हो गए। शहर के आजाद चौक इलाके में बाइक सवार दंपति गढे में



गिर गए। युवक के सिर में गंभीर चोट आई। ओघड़नगर इलाके में तो तीन से चार लोग एक ही गड्ढे में गिर गए। माजेवाड़ी दरवाजे के पास एक स्कूटी सवार भी हादसे का शिकार हुआ।

## अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम मोरदा में मेघवाल विकास समिति के जिलाध्यक्ष एड. सुबेसिंह मोरोडिया के नेतृत्व में अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नालाल मधुर, मांडण ब्लॉक अध्यक्ष मदन लाल नारनोलिया, बहरोड ब्लॉक अध्यक्ष विजय सिंह आर्य, नीमराणा ब्लॉक अध्यक्ष एड. अशोक पनवाल, कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष मदन लाल वर्मा, बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन अरविंद कुमार, छाजुराम नेताजी ने अपने विचार रखे। इस मौके पर मुख्य रूप से समाज को एकता में जोडकर समाज में फैली हुई सामाजिक बुराईयों को दूर करने, पर्यावरण संरक्षण, आधिकाधिक वृक्षारोपण एवं अनुसूचित जाति के लोगों के साथ अत्याचार की घटनाओं में त्वरित कार्यवाही के लिए जिले में एक विशेष अनुसूचित जाति सेल की स्थापना करवाने और अनुसूचित जाति के वकीलों और पुलिस कर्मचारियों का एक अलग संगठन बनाकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# जिला कलक्टर ने किया सामाजिक न्याय विभाग के औचक निरीक्षण, दिए संवेदनशील एवं प्रभावी प्रशासन के निर्देश

### घुमंतू समुदायों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, दिव्यांग हेल्प डेस्क स्थापित करने एवं छात्रावासों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने पर दिया जोर



**कोटा।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का औचक निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उनकी प्रगति तथा उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक में जिला कलक्टर ने पालनहार योजना, अनुप्रति योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजातियों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं, विभागीय छात्रावासों की व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों के प्रवेश तथा नवजीवन सहित अन्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलक्टर ने विशेष रूप से घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजातियों के कल्याण पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि समुदाय के प्रतिनिधियों से नियमित समन्वय स्थापित कर पात्र परिवारों के आवश्यक दस्तावेज शीघ्र पूर्ण करवाए जाएं ताकि उन्हें आवास सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी प्राथमिकता से पूरी की जाए।

### दिव्यांगजनों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए जिला कले

क्टर ने कहा कि कार्यालय परिसर में दिव्यांग पेंशन से संबंधित कार्यों के लिए पृथक हेल्प डेस्क स्थापित की जाए तथा इसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय के बाहर सरल, स्पष्ट एवं दिव्यांगजनों के लिए सहज भाषा में सूचना बोर्ड लगाया जाए, जिससे आवेदकों को आवश्यक जानकारी एवं सहायता आसानी से उपलब्ध हो सके।

उन्होंने विभाग के अधीन संचालित सभी छात्रावासों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि ई-मित्र केन्द्रों के माध्यम से अधिकाधिक पात्र विद्यार्थी आवेदन कर इस सुविधा का लाभ लें।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों और उपखण्ड स्तर पर समन्वय किया जाए, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन के माध्यम से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार, समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने तथा रिकॉर्ड एवं कार्यालय व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

# जिलेभर में सेवा शिविर जारीः आमजन को समस्या समाधान के साथ मिल रही राहत

**बारां।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिले में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर आयोजित किए गए। जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र में बारां-फतेहपुर, अंता-बडगांव, मांगरोल-जलोदातेजाजी, छबडा-बारई, छीपाबडौद-पछाड, दिगोद खालसा, अटरू-रीछन्दा, सकतपुर, शाहबाद-नाटई, राजपुर, किशनगंज-शोभागपुरा व बादीपुरा अटल सेवा केन्द्र पर शिविर आयोजित किए गए। वहीं शहरी क्षेत्र में अंता-वार्ड 27, 28, अटरू-वार्ड 17, बारां-वार्ड 33-34, छबडा-वार्ड 1, 22, 23, 24 व 2, मांगरोल-वार्ड 21 से 23 एवं सीसवाली-वार्ड 13 के लिए नगरपालिका भवन में शिविर आयोजित किए गए। जिनमें 22 विभागों के काउंटर लगाए गए। शिविरों में पेंशन, पट्टा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली-पानी कनेक्शन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, चिरंजीवी योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया।




### हरिचरण को मिली ट्राईसाइकिल, आत्मनिर्भरता की ओर बडा एक और कदम

ग्रामीण सेवा शिविर, ग्राम पंचायत नाटई, तहसील शाहाबाद में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विशेष योग्यजन हरिचरण को जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। इससे उन्हें आवागमन में सहूलियत मिलेगी तथा वे दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकेंगे और आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बड सकेंगे। लाभार्थी ने बताया कि यह ट्राईसाइकिल मेरे लिए बहुत बडी मदद है। अब मैं अपने काम खुद कर सकूंगा और आत्मनिर्भर बनूंगा।

### विशेष योग्यजन को मिला रोडवेज में निशुल्क यात्रा पास

ग्राम पंचायत जलोदा तेजाजी निवासी लाभार्थी कैलाश पुत्र भंवरलाल ने शिविर में बताया कि ग्राम पंचायत जलोदा तेजाजी, पंचायत समिति मांगरोल में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में रोडवेज में निशुल्क यात्रा पास बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में संबंधित विभाग द्वारा उनके आवेदन का त्वरित परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण की गई तथा उन्हें राजस्थान रोडवेज का निशुल्क यात्रा पास जारी किया गया। इस सुविधा से अब लाभार्थी को उपचार, सरकारी कार्यों तथा अन्य आवश्यक यात्राओं के लिए आर्थिक राहत के साथ सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। लाभार्थी ने शिविर में मिली त्वरित एवं जनहितकारी सेवा के लिए राज्य सरकार एवं शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में मिला आवासीय पट्टे का लाभ

सकतपुर निवासी लाभार्थियों बलराम पुत्र गोपाल मेघवाल ने बताया कि उनके पैतृक आवास का पट्टा नहीं था। जिसके कारण सरकारी ऋण का लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिस पर शिविर में आवेदन के लिए सलाह दी गई।

शिविर में उपस्थित होकर पट्टे के लिए आवेदन किया गया। शिविर प्रभारी महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सहायक प्रभारी राहुल कुमार बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र नागर व प्रशासक राजेन्द्र बैरवा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वामित्व योजना के तहत प्रार्थी को आवासीय मकान का पट्टा वितरित किया गया। जिससे अब ऋण का लाभ ले पाएंगे। समस्या का समाधान होने से चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। लाभार्थी ने राज्य सरकार व केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया तथा राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर कार्यक्रम की सराहना की।

### यहां लगेंगे शिविर

जिला प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शहरी क्षेत्र में 4 जुलाई को अटरू-वार्ड 18, बारां-वार्ड 35-36, छबडा-वार्ड 1, 22, 23, 24 व 2 एवं मांगरोल-वार्ड 21 से 23 के लिए नगरपालिका भवन में शिविर आयोजित होंगे। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र में बारां-बडा, अंता-पाटोन्दा, मांगरोल-शाहपुरा, छबडा-निपानिया, छीपाबडौद-गगचाना, छीपाबडौद, अटरू-पटना, दडा, शाहबाद-हाटरी, बीलखेडा डांग, किशनगंज-रामपुरटोडिया व पचलावडा अटल सेवा केन्द्र पर शिविर लगेंगे। वहीं जिला प्रशासन ने आमजन से जन आधार, आधार, राशन कार्ड सहित दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## मृत मछलियों को खुले में फेंकने से संक्रमण का खतरा, निस्तारण की मांग


**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम सांगटेडा स्थित आस्था के प्रतीक "पीला जोहड" में पिछले दिनों सैकडों बेजुबान मछलियों की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन और सजग नागरिकों के प्रयासों से सफाई अभियान तो शुरू हो गया है, लेकिन अब एक नई समस्या खडी हो गई है। जोहड से निकाली जा रही मृत मछलियों को खुले में ही फेंका जा रहा है, जिससे ईलाके में भारी बदबू और महामारी फैलने का अंदेशा बन गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष तारा पूतली ने पीले जोहड की दुर्दशा और



मछलियों की मौत का मुद्दा उठाया था। इस पर नगर परिषद के अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही की। कडी धूप के बावजूद सफाई कर्मचारियों ने जाल की मदद से जोहड में उतरकर मृत मछलियों को बाहर निकाला। इस त्वरित एक्शन और लगभग पूरी हो चुकी सफाई के लिए नगर परिषद का आभार व्यक्त किया। तारा पूतली ने मौके पर देखा कि जोहड से निकाली गई मृत मछलियों को इधर-उधर खुले में ही डाला जा रहा है। खुले में इस तरह मृत मछलियां फेंकने से बदबू, संक्रमण और बीमारियां फैलने का सीधा खतरा है। सफाई का मतलब सिर्फ कचरा या मृत जीवों को बाहर निकालना नहीं, बल्कि उनका सही और सुरक्षित निस्तारण करना भी है। उन्होंने नगर परिषद से इन मृत मछलियों को आबादी और गांव से दूर किसी गहरे गड्ढे में दबाये जाने या फिर निर्धारित जगह पर वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किये जाने का निवेदन किया। इस मौके पर तारा पूतली ने कहा कि यह सिर्फ जोहड की सफाई का मामला नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य, बेजुबान जीवों के प्रति इंसानी धर्म और जन-आस्था से जुडा विषय है। ग्रामीणों को पूरा भरोसा है कि नगर परिषद इस गंभीर पहलू पर भी तुरंत ध्यान देगी। जब तक पीले जोहड में फिर से जीवन नहीं लहलहाएगा और पानी निर्मल नहीं होगा, तब तक यह प्रयास और निगरानी जारी रहेगी।

# गुजरात-एमपी में जैश के 8 आतंकी पकड़े गए

## गुजरात में टेररिस्ट नेटवर्क फैलाने का काम कर रहे थे, एटीएस ने पूछताछ शुरू की



अहमद गाजीवाला | इब्राहिम हुसैन घाघा | जकारिया दुर्रानी | बिलाल मोहम्मद | मुदस्सिर गाजीवाला | मुफ्ती फौजान | मोहम्मद अब्दुल | मोहम्मद अमीन शेरा

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ आतंकियों को गुजरात और मध्य प्रदेश से पकड़ा है। सभी को अलग अलग जिलों से पकड़ा गया है। इनमें से दो की उम्र 18 और 19 साल है। ये सभी गुजरात में JeM का एक एक्टिव नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रहे थे, ताकि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया सके। एटीएस ने इनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### आतंकी मसूद अजहर ने 26 साल पहले बनाया JeM

जैश ए मोहम्मद पाकिस्तान का आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकी मसूद अजहर ने साल 2000 में बनाया था। इस पर भारत समेत कई देशों में आतंकी हमलों को अंजाम देने के आरोप हैं। जैश का मुख्यालय पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में है। ये संगठन पाकिस्तान के कई इलाकों में ट्रेनिंग कैम्प और आतंकी नेटवर्क संचालित करता है। इसके मुखिया आतंकी मसूद अजहर को साल 1994 में जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, दिसंबर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट IC-814 के अपहरण के बाद बंधकों की रिहाई के बदले भारत सरकार ने उसे रिहा कर दिया था।

### 21 अप्रैल 2026: ISIS से जुड़े 2 आतंकी पकड़ाए, सोशल मीडिया से भर्ती कर नेटवर्क बना रहे थे

गुजरात एटीएस ने एंटी-नेशनल साजिश रच रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक, ये आरोपी सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर देश में गजवा-ए-हिंद स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। न्यज एजेंसी के अनुसार, दोनों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# जयपुर में मानसून की पहली बारिश में धंसी टोंक रोड

## सड़क पर बना 20 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा गड्ढा, जेडीए बोला- 24 घंटे में करेंगे दुरुस्त

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मानसून की पहली बारिश ने शहर के विकास कार्यों और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी। शुक्रवार दोपहर बाद शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल टोंक रोड पर अचानक सड़क धंस गई। देखते ही देखते सड़क पर करीब 20 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा गड्ढा बन गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही जयपुर विकास प्राधिकरण और संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम शुरू कराया गया। सड़क धंसने के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। मौके पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो। भारी मशीनों की मदद से गड्ढे को भरने और सड़क को दोबारा तैयार करने का कार्य शुरू किया गया।





### सीवरेज लाइन के डक्ट में रिसाव से धंसी सड़क

**JDA** के जोन-ए के अधिशासी अभियंता दीपक अग्रवाल ने बताया- टोंक रोड पर पहले सीवरेज (टॉयलेट) लाइन और गैस लाइन बिछाने का काम किया गया था। इस दौरान लाइन के लिए बनाया गया डक्ट तकनीकी मानकों के अनुरूप सही तरीके से फिट नहीं किया गया था। मानसून की पहली बारिश में पानी रिसकर अंदर चला गया, जिससे नीचे की मिट्टी कमजोर हो गई और सड़क धंस गई। उन्होंने बताया कि फिलहाल मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है और अगले 24 घंटे के भीतर सड़क को पूरी तरह दुरुस्त कर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। मानसून की पहली ही बारिश में राजधानी की प्रमुख सड़क पर इस तरह का बड़ा गड्ढा बनने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# पिंजरापोल गोशाला में करंट लगने से 4 गायों की मौत

### ट्रांसफार्मर की जाली में करंट आने की आशंका, गोसेवकों ने जताई नाराजगी



**जयपुर।** जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला में करंट लगने से चार गायों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार- हादसा गोशाला परिसर में लगे ट्रांसफार्मर के पास शुक्रवार सुबह हुआ। घटना के बाद गोशाला प्रबंधन ने बिजली विभाग को सूचना देकर मामले की जांच कराने की मांग की। दरअसल, ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा के लिए लोहे की जाली लगी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि जाली में करंट फैल गया। इसकी चपेट में आने से चारों गायों की मौत हो गई। हालांकि, करंट आने के वास्तविक कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। वहीं घटना के बाद गोसेवकों ने गोशाला प्रबंधन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।

### गोशाला प्रबंधन ने बिजली विभाग की टीम को बुलाया

घटना की सूचना मिलते ही गोशाला प्रबंधन ने बिजली विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने ट्रांसफार्मर और सुरक्षा जाली की तकनीकी जांच की। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल मृत गायों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना के बाद गोशाला परिसर में अन्य पशुओं की सुरक्षा को देखते हुए संबंधित क्षेत्र को सुरक्षित किया गया है। बिजली विभाग और संबंधित अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। बता दें कि इससे पहले पिंजरापोल गोशाला में अनियमिताओं को लेकर भी जांच जारी है।

# अमित शाह से मिले कांग्रेस प्रभारी रंधावा, सियासी चर्चाएं तेज

### रंधावा बोले- मुलाकात को राजनीतिक रंग देना गलत; गहलोत-डोटासरा भी बचाव में उतरे

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी और पंजाब से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद सियासी चर्चाएं तेज हो गई। रंधावा की शाह से मुलाकात के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। रंधावा ने अमित शाह से मुलाकात के बाद इसे राजनीतिक रंग देने को गलत करार दिया। वहीं पूर्व सीएम अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी रंधावा के बचाव में उतर आए। रंधावा और कांग्रेस नेताओं के बयानों के बीच राजनीतिक प्रेक्षक इस मुलाकात के अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। पंजाब की सियासत से भी इसे जोड़कर देखा जा रहा है। पंजाब कांग्रेस में इन दिनों नेताओं के बीच भारी खींचतान है। ऐसे माहौल में इस मुलाकात ने राजनीतिक चर्चाओं को जरूर बल दे दिया है।

### रंधावा बोले- मुलाकात को राजनीतिक रंग देना गलत

अमित शाह से मुलाकात के बाद दिल्ली में मीडिया से बातचीत में सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा- केंद्रीय गृह मंत्री के साथ मेरी मुलाकात को राजनीतिक रंग देने के दुर्भावनापूर्ण प्रयास का मैं खंडन करता हूं। पंजाब राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मेरी बात रखने के लिए आज यह मुलाकात पहले से तय थी। रंधावा ने कहा- मैंने 4 जून को प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा था। साथ ही इसकी एक कॉपी गृह मंत्री को भी भेजी थी। मैंने बिगड़ती कानून-व्यवस्था, पाकिस्तान-समर्थित आतंकवाद, नार्को-टेररिज्म, गैंगस्टरों और राजनेताओं के बीच सांठ-गांठ और पंजाब पुलिस के राजनीतिक इस्तेमाल जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया था। उस शुरुआती पत्र के साथ मैंने अपने इलाके में सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर के बारे में भी जानकारी दी थी। मैंने 23 जून को एक और पत्र भेजा था, जिसमें बताया कि गुरदासपुर और अन्य इलाकों में गैंगस्टर कैसे काम कर रहे हैं।

# हाईकोर्ट ने तहसीलदार-पटवारी को किया सस्पेंड: कहा- इन्होंने कोर्ट का अपमान किया

## अधिकारियों ने 2 महीने तक नहीं हटाया था अतिक्रमण

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालत के आदेशों की पालना नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा और जस्टिस मनीष शर्मा की खंडपीठ ने करौली जिले की नादौती तहसील के तहसीलदार दीनदयाल शर्मा और पटवारी भरत सिंह गुर्जर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा-इन अधिकारियों के मन में कोर्ट के आदेशों के प्रति कोई सम्मान नहीं है, बल्कि इन्होंने कोर्ट का अपमान किया है। इसके साथ ही ये दोनों स्पष्ट रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करने के दोषी हैं। हाईकोर्ट ने राजस्व सचिव को निर्देश दिया है कि दोनों अधिकारियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए। विभागीय जांच पूरी होने तक दोनों अधिकारी निलंबित ही रहेंगे।



### अधिकारियों ने 2 महीने तक आदेश की पालना नहीं की

याचिकाकर्ता के वकील ने बताया- नादौती तहसील में अतिक्रमण को लेकर रूपराज प्रजापत ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि एक निश्चित क्षेत्र में बार-बार अतिक्रमण हटाने के बाद भी अतिक्रमणकारी उस जगह पर फिर से अतिक्रमण कर लेते हैं। इस पर हाईकोर्ट ने इन्हें आदतन अतिक्रमणकारी मानते हुए 27 अप्रैल 2026 को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। 30 अप्रैल को मामला फिर से कोर्ट में आने पर हाईकोर्ट ने तहसीलदार और पटवारी से स्पष्टीकरण मांगा और मामला 20 मई को सूचीबद्ध करने के लिए कहा, लेकिन मामला उस दिन लिस्ट नहीं हो सका। इसके बाद 2 जुलाई को मामले पर सुनवाई के दौरान दोनों अधिकारियों ने स्वीकार किया कि अतिक्रमण मौजूद है और उन्हें हटाने के लिए 7 दिन का समय और दिया जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह हमारे लिए आश्चर्य की बात है कि दोनों आराम से स्वीकार कर रहे हैं कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं हुआ है।

### हम अवमानना की कार्रवाई जैसा कदम नहीं उठा रहे हैं

कोर्ट ने कहा- हालांकि हम दोनों अधिकारियों के खिलाफ फिलहाल अवमानना की कार्रवाई शुरू करने जैसा कदम नहीं उठा रहे हैं। लेकिन यह स्पष्ट है कि इन्होंने अतिक्रमण हटाने के अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया, जबकि इन्हें अच्छे से पता था कि यह अतिक्रमण बार-बार हो रहा है। कोर्ट ने सरकार को निर्देशित किया कि वह संबंधित स।ह्र और राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करें, ताकि अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए और अगली सुनवाई से पहले इसकी पालना रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जाए। कोर्ट अब 8 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई करेगी।

# रिश्वतखोर कृषि अधिकारियों के घर एसीबी ने किया सर्च

## एक अफसर के पास दिल्ली में फ्लैट; दूसरे के पास 10 प्लॉट-1 किलो चांदी के गहने

**जयपुर।** खाद कंपनियों पर कार्रवाई का डर दिखाकर रिश्वत वसूलने में अरेस्ट आरोपी कृषि अधिकारियों के घर पर एसीबी ने शुक्रवार को सर्च किया। एसीबी को तलाशी के दौरान गहने-कैश और प्लॉट-फ्लैट के डॉक्यूमेंट मिले। दोनों घूसखोर कृषि अधिकारियों के करोडपति होने के सबूत एसीबी के हाथ लगे हैं। बता दें कि कोटपूतली-बहरोड और भिवाडी में खाद कंपनियों पर कार्रवाई के नाम पर अफसरों ने रुपए वसूले थे। इस पर एसीबी ने गुरुवार को उनकी गाडी से रुपए बरामद किए थे। एसीबी टीमों ने जगतपुरा के प्रेम नगर में कृषि अधिकारी महेश मीणा के घर पर तलाशी ली। सर्च में घर से 5 लाख रुपए कैश सहित दिल्ली में एक फ्लैट और दौसा में एक प्लॉट होने के डॉक्यूमेंट मिले। वहीं




कृषि अधिकारी भगवान सहाय यादव के कालवाड रोड गोकुलपुरा स्थित घर पर एसीबी ने सर्च किया। यहां तलाशी में भगवान सहाय के घर से 10 प्लॉट और 1 फ्लैट के डॉक्यूमेंट मिले। इसके अलावा 10 बैंक अकाउंट के साथ ही अलमारी में 184 ग्राम सोना और 1 किलो चांदी के गहने और दो कारें मिली हैं। कृषि अधिकारी चंदाराम और ड्राइवर रमेश मीणा के घर पर सर्च में कुछ खास नहीं मिल सका। अब गिरफ्तार दोनों कृषि अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस भी दर्ज होगा। एसीबी टीम फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### ये था मामला

एसीबी ने गुरुवार को शाहपुरा के पास हाईवे पर कृषि अधिकारियों की सरकारी गाड़ी को रुकवाकर चेकिंग की थी। चेकिंग में इनके पास बैग में रखे सैंपल पैकेटों में 2.63 लाख रुपए छिपा कर रखे थे। जांच में मिले रुपए भिवाडी और कोटपूतली-बहरोड में संचालित खाद कंपनियों पर कार्रवाई का डर दिखाकर वसूला करते हुए पाए गए। गाड़ी में कृषि अधिकारी भगवान सहाय यादव और ड्राइवर रमेश चंद्र मीणा भी बैठे थे।

# मानसून की पहली बारिश से एसएमएस ट्रॉमा सेंटर पानी-पानी

## देर रात हुई बरसात से ग्राउंड फ्लोर पर जगह-जगह भर गया; माइनर ओटी में ट्रीटमेंट रोका

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में पीडब्ल्यूडी विंग के खराब मैनेजमेंट ने एक बार फिर मरीजों की परेशानी बढ़ा दी। मानसून की पहली बारिश में ही ट्रॉमा सेंटर के ग्राउड फ्लोर पर जगह-जगह पानी भर गया। माइनर ओटी में पानी भरने से मरीजों का ट्रीटमेंट रोककर उसे दूसरी जगह करवाना पड़ा। वहीं ओटी के पास कॉरिडोर में फॉल सिलिंग गिर गई। ये तो मानसून की शुरूआत है और अभी ढाई से तीन महीने और मानसून एक्टिव रहने की संभावना है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे है कि अगर बहुत तेज बारिश होती है तो उस समय मरीजों का क्या होगा? रात करीब 1 से 3 बजे के बीच जयपुर शहर में कई इलाकों में हुई बारिश के बाद ट्रॉमा सेंटर में एक ड्रेनेज पाइप के फटने से वहां से निकला पानी ग्राउंड फ्लोर पर गिरने लगा। मुख्य इमरजेंसी हॉल के पास बने ईसीजी रूम में पानी भर गया। इसके पास मैन कॉरिडोर, माइनर ओटी में पानी टपकने से मरीजों को परेशानी हुई। माइनर



ओटी में आने वाले मरीजों को दूसरी जगह ट्रीटमेंट दिया गया। जबकि माइनर ओटी के पास कॉरिडोर में फॉल सिलिंग भी गिर गई। सूचना पर ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर डॉ. राजेन्द्र मांडिया, उपअधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और वहां व्यवस्थाएं सुधरवाने का काम शुरू करवाया।

### पिछले साल भी घुसा था पानी

बरामदे समेत समेत सभी जगह फर्श पर पानी आने से फिसलन होने लगी। वहीं मरीज, परिजन और स्टाफ को भी परेशानी हुई। ये पहला मौका नहीं है, जब ट्रॉमा सेंटर पर पानी भरने की शिकायत आई हो। इससे पहले पिछले साल भी आईसीयू वार्ड, ऑपरेशन थिएटर समेत कई वार्डो और अन्य जगहों पर पानी भरने परेशानी का सामना करना पड़ा था।

### जगह-जगह से फॉल सिलिंग टूटी

डक्टिंग के जरिए पानी आने के कारण हॉस्पिटल परिसर में लगी फॉल सिलिंग भी जगह-जगह से टूट गई। ग्राउंड फ्लोर के पास बने माइनर ओटी, प्लास्टर रूम वाले कॉरिडोर में लगी फॉल सिलिंग का हिस्सा टूट कर गिर गया। हालांकि जहां फॉल सिलिंग का हिस्सा गिरा वहां मरीजों का मूवमेंट नहीं होता है।

# जोधपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल जिसका पीएम उद्घाटन करेंगे

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। उड़ान योजना के सेकेंड फेज की शुरुआत भी करेंगे। मोदी ने जोधपुर दौरे से पहले शुक्रवार को सोशल मीडिया ङ्ग पर जोधपुर एयरपोर्ट की फोटो शेयर की। लिखा- 4 जुलाई जोधपुरवासियों के लिए बेहद खास दिन है। पीएम मोदी ने बालोतर के पचपदरा रिफाइनरी का फोटो भी शेयर करते हुए लिखा- बालोतरा में कल का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसमें 1.06 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के कामों का उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा। इसमें पचपदरा में इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण भी शामिल है। यह प्रोजेक्ट भारत के एनर्जी और पेट्रोकेमिकल सेक्टर को बढ़ावा देगा। इससे कई लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण

पीएम नरेंद्र मोदी के आने से पहले सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को जोधपुर पहुंचे। दोनों ने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं सुबह सीएस वी. श्रीनिवास और डीजीपी राजीव शर्मा ने भी जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का निरीक्षण किया। साथ ही यहां की सिक्योरिटी, प्रोटोकॉल और अन्य व्यवस्थाओं का भी रिव्यू किया। जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का मॉडल देखते सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।